सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान

राजभाषा अनुभाग

सं. 20-07/14/20-राभा.

दिनांक 21/08/2020

कार्यालय ज्ञापन

विषय - हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताओं का आयोजन ।

संस्थान में दिनांक 01.09.2020 से 15.09.2020 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे -

दिनांक	समय	कार्यक्रम/प्रतियोगिता	स्थान
01.09.2020	पूर्वा 11.00 बजे	**हिंदी पखवाड़ा उद्घाटन** समारोह	ई-माध्यम (वीसी)
	सायं 5.00 बजे तक	तकनीकी लेख प्रतियोगिता (संस्थान के कार्यक्षेत्र संबंधी) (प्रविष्टि के रूप में तकनीकी लेख की सॉफ्टप्रति एवं हार्डप्रति जमा की जाएगी)	राजभाषा अनुभाग
02.09.2020	सायं 5.00 बजे तक	हिंदी सूक्ति पोस्टर प्रतियोगिता (अनुभाग और प्रभाग के स्तर पर ए4 आकार के कंप्यूटर से मुद्रित रंगीन पोस्टर जमा किए जाएंगे)	राजभाषा अनुभाग
04.09.2020	अप. 3.00 बजे	प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता	ऑडिटोरियम, प्रशासन
08.09.2020	पूर्वा. 11.00 बजे	आमंत्रित व्याख्यान	ई-माध्यम (वीसी)
10.09.2020	पूर्वा. 11.00 बजे	टिप्पणी व पत्र लेखन प्रतियोगिता	ऑडिटोरियम, प्रशासन
14.09.2020	अप. 3.00 बजे	आमंत्रित व्याख्यान	ई-माध्यम (वीसी)
15.09.2020	अप. 3.00 बजे	**समापन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम**	ऑडिटोरियम, प्रशासन

हिंदी सूक्ति पोस्टर प्रतियोगिता के लिए प्रभागों के द्वारा राजभाषा अनुभाग के पुराने पोस्टरों के समान हिंदी से संबंधित महापुरूषों के कथन पर आधारित रंगीन पोस्टर बनाए जाएंगे जो कंप्यूटर से ए4 आकार में तैयार किए जाएंगे तथा प्रभाग का नाम पोस्टर में शामिल न करके इसे पिछले हिस्से पर रखा जाएगा। इस प्रतियोगिता की प्रविष्टियों में से सर्वश्रेष्ठ तीन (प्रथम, द्वितीय, तृतीय) को नगद पुरस्कार न देकर शील्ड प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता के नियमानुसार एक प्रभाग/अनुभाग से अधिकतम दो प्रविष्टियां ही स्वीकार की जाएंगी।

तकनीकी लेख प्रतियोगिता के लिए मूल हिंदी में लिखे गए तकनीकी लेख, लिफाफे के ऊपर प्रतियोगिता, अपना एवं प्रभाग का नाम, तथा मातृभाषा लिखकर राजभाषा अनुभाग में जमा करने होंगे। तकनीकी लेख प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों द्वारा वैज्ञानिक/तकनीकी लेखों की सॉफ्टप्रति sanjayc.crri@nic.in पर भेजी जाएगी तथा प्रविष्टियों (हार्डप्रति) के साथ विधिवत हस्ताक्षरित घोषणापत्र संलग्न करना होगा। तकनीकी लेख प्रतियोगिता के लिए निर्धारित घोषणा-पत्र का प्रारूप पिछले पृष्ठ पर दिया गया है। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार के रूप में क्रमशः रूपए 3000/-, 2500/-, 2000/- एवं 1500/- तथा प्रशस्ति-पत्र/प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता के लिए कृपया संबंधित प्रतियोगिता, अपने नाम आदि की जानकारी राजभाषा अनुभाग को दिनांक 26.08.2020 तक यथाशीघ्र भिजवा दें।

21/8

(संजीव शंकर)
प्रशासन अधिकारी

प्रतिलिपि -

1. निदेशक महोदय
2. सभी अनुभागीय/प्रभागीय प्रमुख - व्यापक परिचालन एवं अनुभाग/प्रभाग से नामांकन भेजने हेतु।
3. प्रभागीय प्रमुख, अनुरक्षण - ऑडिटोरियम में कार्यक्रमों के आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के अनुरोध सहित।
4. प्रभागीय प्रमुख, आईएलटी - पखवाड़े की फोटो लेने एवं यथा आवश्यक सहयोग हेतु।
5. प्रभागीय प्रमुख, सीसीएन - ऑनलाइन कार्यक्रमों के संयोजन/सहयोग हेतु।
6. सभी सूचना पट्ट

ITD OM 2017

जारी....

<u>हिंदी पखवाड़ा वर्ष 2020</u>

<u>तकनीकी लेख प्रतियोगिता</u>

<u>घोषणा-पत्र</u>

मैं यह प्रमाणित करता हूँ कि मेरा लेख या शोध पत्र मेरी मौलिक रचना है तथा अन्यत्र कही भी प्रकाशित नहीं हुई है । सभी सहलेखकों की सहमति प्राप्त कर ली गई है । यह प्रविष्टि तकनीकी लेख प्रतियोगिता के लिए दी जा रही है तथा संस्थान द्वारा इसका उपयोग गृह-पत्रिका 'सड़क दर्पण' अथवा अन्यत्र किया जा सकता है ।

मेरे लेख या शोध पत्र की सॉफ्टप्रति <u>sanjayc.crri@nic.in</u> पर भेज दी गई है ।

दिनांक................................

प्रथम लेखक के हस्ताक्षर - ....

नाम, पदनाम व प्रभाग -...........................

....

मातृभाषा -...............................

सहलेखकों के नाम, पदनाम व प्रभाग -...............................

....

....